प्रेस नोट **दिनांक 16/06/2021**

माननीय मुख्यमंत्री महोदय गुरूवार को रिलीज़ करेंगे कैदियों में सुधार पर आधारित फिल्म 'रोड टू रिफॉर्म'

जयपुर। फिल्मकारों के लिए जेल हमेशा पसंदीदा विषय रहा है किन्तु जब जेल अधिकारी एवं फिल्मकार की जुगलबंदी मिलकर किसी कैदी की कहानी रूपहले पर्दे पर उतारती है तो वह न केवल सत्य पर आधारित होती है बल्कि समाज के लिए एक संदेश से भरी होती है। कैदियों के प्रति समाज का नजरिया बदलने के लिए महानिदेशक कारागार राजीव दासोत द्वारा रचित अवधारणा(थीम) पर आधारित मुंबई के मशहूर फिल्म निर्देशक संजीव शर्मा ने लगभग एक घण्टे की फीचर फिल्म **'रोड टू रिफॉर्म'** का निर्माण किया गया है। इस फिल्म को गुरूवार को **सायं 6 बजे माननीय मुख्यमत्री श्री अशोक गहलोत** अपने आवास से वर्चुअली रिलीज़ करेंगे।

महानिदेशक कारागार राजीव दासोत ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित इस ऑडियो-विजुअल नवाचार का फिल्मांकन हाल ही में जयपुर के केन्द्रीय कारागृह, महिला बंदी सुधार गृह तथा बंदी खुला शिविर, सांगानेर में हुआ हैं। इस फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अभिनय करने वाले सभी पात्र महिला एवं पुरूष, या तो बंदी हैं अथवा जेल विभाग के अधिकारी/कर्मचारी।

उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के मार्गदर्शन में राजस्थान कारागार विभाग बंदियों के कल्याण, सुधार तथा पुनर्स्थापन की ओर कार्य कर रहा है। इस फिल्म में समाज का आह्वान किया गया है कि वह बंदियों को रिहाई के पश्चात नवजात शिशु के रूप में स्वीकार कर उनके सुधार एवं पुनर्स्थापन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करे।

इस फिल्म के निर्माण में श्रीमती मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, श्री आलोक वशिष्ठ, महानिरीक्षक पुलिस, श्री विक्रम सिंह कर्णावत, महानिरीक्षक कारागार, श्रीमती मोनिका अग्रवाल, उप महानिरीक्षक कारागार रेंज, जयपुर, श्री राकेश मोहन शर्मा, अधीक्षक जेल, जयपुर, श्रीमती सोहनी देवी, कारापाल तथा महिला बंदी सुधार गृह तथा केन्द्रीय कारागृह, जयपुर के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

******